सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 363 | इंदौर, सोमवार 20 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## '56 नहीं, 28 साल के नौजवान बढ़ा रहे देश का मान'

● संसद सत्र से पहले पीएम मोदी का राहुल पर तंज



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद का मानसून सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद पहुंचे। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मानसून हो या संसद का मानसून सत्र, अगर दोनों सक्रिय रहें तो बहुत फलदायी साबित होते हैं। इससे देश का कल्याण और सभी जीवों की भलाई होती है। प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की कि यह मानसून और मानसून सत्र, दोनों ही देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए उत्पादक साबित हों।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- मैं किसी 56 वर्षीय युवक की बात नहीं कर रहा हूं। मैं देश के उन युवा उद्यमियों की बात कर रहा हूं जिनकी औसत आयु 28 वर्ष है... वे बधाई के पात्र हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन ऐसी बातें, आप जानते हैं, भारत में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। विश्व में भारत की छवि सर्वत्र सम्मानित और व्यापक रूप से स्वीकार्य होती जा रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश ने पिछले महीने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून सत्र से पहले भारतीय नागरिक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा था और दो दिन पहले भारत के युवा स्टार्टअप ने भी बड़ी सफलता हासिल की है।

## स्पेन बना फुटबॉल का नया बादशाह

**फाइनल में मेसी की अर्जेंटीना को 1-0 से हराया, फेरान टोरेस रहे जीत के हीरो**




**न्यू जर्सी, (एजेंसी)** स्पेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा वर्ल्ड कप 2026 जीत लिया. 19 जुलाई (रविवार) को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में स्पेन ने गत चैम्पियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया. निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 से बराबर था. ऐसे में मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा, जहां स्पेनिश टीम ने जीत हासिल की. 106वें मिनट में सब्स्टीट्यूट प्लेयर फेरान टोरेस ने स्पेन के लिए गोल दागा. टोरेस को एक अन्य सब्स्टीटयूट खिलाड़ी निको विलियम्स ने पास दिया, जिसपर वो गोल करने में कामयाब रहे. स्पेन ने दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप जीता है. इससे पहले 2010 में ये टीम चैम्पियन बनी थी. वहीं अर्जेंटीना की टीम चौथी बार वर्ल्ड कप खिताब

# मोहन कैबिनेट ने यूसीसी मसौदे को दी मंजूरी

## निकाह हलाला होगा दंडनीय अपराध, लिव-इन के लिए सख्त नियम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में जगदीशपुर में कैबिनेट बैठक हुई। भोपाल से मुख्यमंत्री समेत पूरी कैबिनेट और अधिकारी ई-बस से जगदीशपुर पहुंचे। सीएम मोहन यादव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रिटायर्ड न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई समिति के मसौदे को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और समान न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस कानून का समर्थन करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को गठित सात सदस्यीय समिति ने विभिन्न राज्यों के यूसीसी मॉडल, प्रचलित कानूनों और सामाजिक पहलुओं का अध्ययन किया। सुझाव लेने के लिए वेब पोर्टल बनाया गया, जिसे 22 मई 2026 को सार्वजनिक किया गया। इसके अलावा प्रदेशभर में जिला और राज्य स्तर पर 50 से अधिक जन-परामर्श बैठकें आयोजित की गईं। सरकार के अनुसार पोर्टल पर 9,58,675 सुझाव प्राप्त हुए, जबकि बैठकों के माध्यम से भी 1,134 से अधिक सुझाव मिले। करीब 3.5 करोड़ एसएमएस भेजकर लोगों से राय ली गई।

सरकार का दावा है कि प्राप्त सुझावों में 93.54 प्रतिशत लोगों ने मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का समर्थन किया। वहीं 92.20 प्रतिशत लोगों ने सभी समुदायों में महिलाओं और पुरुषों के लिए समान कानून की वकालत की। 91.32 प्रतिशत लोगों ने भेदभावपूर्ण तलाक संबंधी प्रावधान समाप्त करने का समर्थन किया, जबकि 92.66 प्रतिशत लोगों ने महिलाओं और पुरुषों को संपत्ति में समान अधिकार दिए जाने की बात कही।

### बहुविवाह पर रोक, हर विवाह का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

समान नागरिक संहिता में सभी समुदायों में केवल एक ही शादी (मोनोगैमी) को अनिवार्य बनाता है। कोई भी व्यक्ति एक समय में केवल एक ही जीवित जीवनसाथी के साथ शादीशुदा रह सकता है। विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और महिलाओं की 18 वर्ष तय की गई है। अमान्य सहमति और प्रतिबंधित रिश्तों (जब तक परंपरा की अनुमति न हो) के बीच विवाह पर रोक लगाई गई है। मौखिक तलाक या अनौपचारिक पंचायत के फैसलों को पूरी तरह गैर-कानूनी घोषित किया गया है। अब विवाह का समापन केवल कानून में बताए गए स्पष्ट और वैधानिक आधारों पर ही हो सकता है।




### निकाह हलाला जैसी शर्तों को बढ़ावा देना अपराध

मौजूदा व्यवस्था के विपरीत, अब महिलाओं को भी यह अधिकार दिया गया है कि यदि उनके पति ने शादी के समय किसी दूसरी महिला को गर्भवती किया है, तो पत्नी शादी को रद्द घोषित करने की मांग कर सकती है।साथ ही संहिता में लोगों के लिए शादी और तलाक दोनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। शहरी क्षेत्रों में 'MP ई-नगर पालिका पोर्टल' और ग्रामीण क्षेत्रों में SDM, नगरपालिका या पंचायत के जरिए यह प्रक्रिया पूरी होगी। रजिस्ट्रेशन न होने से शादी अमान्य नहीं होगी, लेकिन रजिस्ट्रार द्वारा बिना ठोस लिखित कारण के आवेदन खारिज करने पर जुर्माने का प्रावधान है। तलाक के बाद उसी जीवनसाथी से दोबारा शादी करने के लिए 'निकाह हलाला' जैसी अपमानजनक या नीचा दिखाने वाली शर्तों को मानना, बढ़ावा देना या मजबूर करना एक दंडनीय आपराधिक अपराध माना जाएगा।

### अवैध शब्द को पूरी तरह हटाया

बच्चों के अधिकार और कस्टडी को लेकर संहिता में 'अवैध संतान' की अवधारणा समाप्त कर दी गई है। विवाह, लिव-इन, गोद लेने, सरोगेसी या असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (एआरटी) से जन्मे सभी बच्चों को समान कानूनी दर्जा मिलेगा। अभिरक्षा के मामलों में अदालत बच्चे के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देगी।

### उत्तराधिकार में समान अधिकार

बेटे और बेटियों को संपत्ति के उत्तराधिकार में समान अधिकार दिए गए हैं। उनकी वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। मृतक की संपत्ति में विधवाओं और विधुरों के साथ भी समान व्यवहार होगा। जीवित माता और पिता दोनों को क्लास-1 का उत्तराधिकारी माना गया है, और वे मृतक बच्चे की संपत्ति में जीवनसाथी और बच्चों के साथ बराबर का हिस्सा पाएंगे। कोई भी वयस्क अपनी स्वयं अर्जित या पैतृक संपत्ति की 100 प्रतिशत वसीयत अपनी इच्छा से कर सकेगा। हत्या जैसे गंभीर अपराध में दोषी व्यक्ति उत्तराधिकार का अधिकार खो देगा और यदि कोई कानूनी वारिस नहीं होगा तो संपत्ति राज्य के पास चली जाएगी।

### एक माह के अंदर करना होगा रजिस्ट्रेशन

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए साथ रहने की शुरुआत के एक महीने के भीतर रजिस्ट्रार के पास 'लिव-इन रिलेशनशिप का बयान' जमा करना कानूनी रूप से अनिवार्य होगा। पार्टनर्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वे प्रतिबंधित श्रेणी में न हों, पहले से विवाहित न हों और उनकी सहमति स्वतंत्र होनी चाहिए। यदि कोई पार्टनर 21 साल से कम उम्र का है, तो लिव-इन के शुरू होने और खत्म होने की जानकारी उनके माता-पिता/अभिभावकों को भेजी जाएगी। रजिस्ट्रार यह रिकॉर्ड स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी भेजेगा। लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा और उन्हें पूर्ण उत्तराधिकार मिलेगा। यदि पुरुष पार्टनर महिला को छोड़ देता है, तो वह सक्षम अदालत के माध्यम से कानूनी पत्नी की तरह ही भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) का दावा कर सकती है।

### तीन से छह माह की जेल का प्रावधान

बिना रजिस्ट्रेशन एक महीने से ज्यादा साथ रहने पर 3 महीने तक की जेल या 10,000 जुर्माना हो सकता है। गलत जानकारी देने पर 3 महीने की जेल और 25,000 जुर्माना तथा रजिस्ट्रार के नोटिस के बाद भी बयान न देने पर 6 महीने तक की जेल और 25,000 का जुर्माना हो सकता है। मध्य प्रदेश का यह प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड आधुनिक सामाजिक आवश्यकताओं, जेंडर इक्वलिटी और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला एक प्रगतिशील विधिक ढांचा है। यह समाज के सभी वर्गों (अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर) में लैंगिक समानता लाने और कमजोर वर्गों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# इस्कान मंदिर की जगन्नाथपुरी यात्रा निकली, कृष्णभक्ति में झूमे भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की सड़कों पर रविवार को कृष्णभक्ति नजर आई। इस्कॉन मंदिर की अगुवाई में जगन्नाथपुरी की विश्वविख्यात रथयात्रा निकली। 50 फीट ऊंचे हाईड्रोलिक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा विराजे थे और हरे राम, हरे कृष्ण तथा जगन्नाथ... चका नयन के भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। रथयात्रा में विदेशी भक्त भी शामिल हुए। हाईड्रोलिक रथ की रस्सियां थामकर भगवान का रथ भक्तों ने खींचा और भक्ति में लीन नजर आए।**



अन्नपूर्णा क्षेत्र से रविवार शाम को रथयात्रा निकली। मथुरा से विशेष पोशाक लाई गई थी, जो जगन्नाथ को पहनाई गई। हाईड्रोलिक तकनीक से बने रथ की ऊंचाई के हिसाब से उसे ऊपर-नीचे किया जा रहा था, ताकि बिजली के तार रथयात्रा में बाधा न बनें। यात्रा का शुभारंभ स्वामी महामनदास और महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने स्वर्ण निर्मित झाड़ुओं से मार्ग की प्रतीकात्मक सफाई की। अन्नपूर्णा मंदिर से शुरू हुई यात्रा नरेंद्र तिवारी मार्ग, रणजीत हनुमान मंदिर, महू नाका, छत्रीपुरा, बियाबानी, मालगंज, टोरी कॉर्नर, गोराकुंड, खजूरी बाजार होते हुए राजबाड़ा स्थित गोपाल मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग पर पचास से अधिक स्वागत द्वार लगे थे, जहां पर खड़े भक्तों ने भगवान के रथ पर पुष्पवर्षा की। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारकर भगवान का स्वागत किया। यात्रा में राधा-कृष्ण स्वरूपों की झांकियां, भक्ति नृत्य, विंटेज कार और डीजे पर गूंजते भजनों ने माहौल को कृष्णमय बना दिया। रथयात्रा ढाई घंटे में पूरी हुई। इस कारण राजबाड़ा क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था भी परिवर्तित की गई थी।

### 101 दंपतियों ने दी 21 हजार आहुतियां

## गुप्त नवरात्रि पर श्री आनंद धाम में मां बगलामुखी महाविद्या महायज्ञ संपन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर ब्राह्मण खेड़ी स्थित श्री आनंद धाम आश्रम में रविवार को मां बगलामुखी महाविद्या महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। गुरुदेव विवेक महाराज के मार्गदर्शन तथा विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में आयोजित इस महायज्ञ में 101 दंपतियों ने वैदिक विधि-विधान के साथ 36 अक्षरी बगलामुखी महामंत्र का जाप करते हुए 21 हजार आहुतियां अर्पित कीं।

आश्रम के मीडिया प्रभारी अंकुश झवर एवं सिद्धार्थ वर्वे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल मां बगलामुखी के विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात राष्ट्र कल्याण, विश्व शांति तथा जन-जन के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना के साथ महायज्ञ प्रारंभ हुआ। करीब छह घंटे तक चले इस वैदिक अनुष्ठान में 101 दंपतियों ने निरंतर मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दीं। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और मां बगलामुखी के जयघोष गूंजते रहे।

## राज्यवर्धन सिंह राजपूत मालव रत्न अवार्ड से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गरिमामय समारोह में राजवर्धन सिंह राजपूत को मालव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। विश्व ब्राह्मण संघ के प्रमुख योगेंद्र महंत, रामचंद्र श्रीवास्तव एवं शीतल ठाकुर ने राज पूत को दुपट्टा पहना कर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राजपूत को यह अवार्ड पर्यावरण के क्षेत्र में दिये गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। आयोजन इंदौर धारा ने अभिनव कला समाज में किया था। इस उपलब्धि पर अनेक मित्रों ने राजपूत को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### जल संरक्षण को लेकर निगम सख्त

## नई इमारतों में रिचार्ज शाफ्ट और डुअल पाइप सिस्टम अनिवार्य करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। वर्षा जल संरक्षण और जलभराव की समस्या के प्रभावी समाधान के लिए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए वाटर रिचार्ज शाफ्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन एवं नवीन निर्मित भवनों में पर्याप्त संख्या में रिचार्ज शाफ्ट तथा वर्षा जल संचयन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 36 स्थित पीनेकल हाउसिंग सोसायटी, निपानिया तथा वार्ड क्रमांक 35 में देवास नाका चौराहे के पास बनाए गए रिचार्ज पिट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोसायटी परिसर में पर्याप्त संख्या में रिचार्ज शाफ्ट अनिवार्य रूप से होने चाहिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम भू-जल पुनर्भरण किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 12.5 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली सभी नवीन इमारतों एवं भवनों, जिनमें स्वयं का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) है, उनमें डुअल पाइप सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। इसके तहत उपचारित पानी के उपयोग के लिए अलग फ्लशिंग लाइन की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण की अनुमति देते समय ही इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माणाधीन और नए भवनों में छत से आने वाले वर्षा जल को वॉटर हार्वेस्टिंग पाइप और फिल्टर सिस्टम के माध्यम से सीधे रिचार्ज शाफ्ट से जोड़ा जाए, जिससे वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण हो सके और भू-जल स्तर बढ़ाने में मदद मिले।

## सांवेर के ग्राम धरमपुरी को मिली बड़ी स्वास्थ्य सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धरमपुरी को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सौगात मिली है। राज्य शासन ने ग्राम धरमपुरी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के रूप में उन्नयन करने के लिए लगभग 3.25 करोड़ रुपये (सवा तीन करोड़ रुपये) की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि से भवन निर्माण, आवश्यक चिकित्सा उपकरण, फर्नीचर तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित होगा। जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधायक तुलसीराम सिलावट ने बताया कि आज जगदीशपुर में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्राम धरमपुरी के उप स्वास्थ्य केंद्र को 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर उल्लेखनीय रूप से बेहतर होगा तथा आमजन, किसानों और ग्रामीण परिवारों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## एनसीसी कैडेट्स ने दिया ट्रैफिक पुलिस का साथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन, यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स के साथ विशेष जागरूकता अभियान चलाया।



इस दौरान एडिशनल डीसीपी विक्रम सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में 1 एसपी गर्ल्स बटालियन की एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ ने शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संभाला। इसमें मुख्य रूप से व्हाइट चर्च चौराहा, पलासिया चौराहा, गिटार तिराहा, एलआईजी चौराहा, रसोमा चौराहा व विजय नगर चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रैफिक संभाला और सड़क सुरक्षा जागरूकता एक्टिविटि में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को ट्रैफिक संचालन के संकेत, सावधानियां आदि की ट्रेनिंग भी दी गई। इसके बाद चौराहों पर ट्रैफिक संकेतों का पालन करने, रेड लाइट जंप न करने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक पुलिस के साथ एनसीसी की विभिन्न इकाई आगे भी ट्रैफिक प्रबंधन और जागरूकता में अपना योगदान देंगी।

## थमी बारिश... उमस से लोग परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जुलाई के पहले हफ्ते में जोरदार बारिश के बाद अब मानसून की लंबी खामोशी ने इंदौरवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले 12 दिनों से शहर में बारिश नहीं हुई है। आसमान में बादल छाने और तेज हवाएं चलने के बावजूद बरसात नहीं होने से उमस लगातार बढ़ रही है। हालांकि मौसम विभाग ने अगले सप्ताह से फिर अच्छी बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो रहा नया लो-प्रेशर एरिया और पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव मालवा-निमाड़ क्षेत्र में मानसून को दोबारा सक्रिय करेगा। इसके चलते रविवार से मौसम में बदलाव शुरू होगा और अगले पूरे हफ्ते रुक-रुककर अच्छी बारिश होने की संभावना है।

# कारखाना संचालक का घर में खून से सना शव मिला, हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र के राज नगर में रविवार सुबह एक कारखाना संचालक का घर में खून से सना शव मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय कमल कुमावत के रूप में हुई है। उनके शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्या की आशंका के साथ जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, कमल कुमावत रविवार सुबह काफी देर तक नीचे नहीं आए। इस पर उनके भाई शेखर उन्हें देखने ऊपर कमरे में पहुंचे। दरवाजा खोलने पर कमरे में खून फैला हुआ था और कमल का शव पड़ा मिला। उन्होंने तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, कमरे का सामान भी बिखरा हुआ मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि घटना से पहले संघर्ष हुआ हो सकता है। पुलिस



इस पहलू की भी जांच कर रही है। परिवार ने बताया कि कमल कुमावत अलमारी बनाने का कारखाना संचालित करते थे। कमल की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं, जो घटना के समय गांव गए हुए थे। परिवार में कमल के तीन भाई भी हैं। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। चंदन नगर थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्या के कारण और आरोपियों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, कमल कुमावत का शव घर की पहली मंजिल पर पड़ा मिला। शव के पास खून से सना एक चाकू भी मिला है।

# खतरनाक मकान कागजों पर दर्ज लेकिन फिर भी हटाए नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हर बार की तरह इस बार भी नगर निगम ने सर्वे का पूरा प्रहसन करने के बाद शहर में खतरनाक मकानों की सूची तैयार कर ली है। इसमें वे मकान भी शामिल हैं जो पिछले कई साल से खतरनाक मकानों की सूची में तो शामिल होते आए हैं। ये मकान सूची में तो शामिल कर लिए जाते हैं लेकिन उन्हें हटाने की कार्रवाई नहीं होती। शहर के 92 मकान अब भी ऐसे हैं जो अति खतरनाक श्रेणी में होने के बाद भी हटाए नहीं गए हैं। जिम्मेदारों ने वहां बैनर पोस्टर लगाकर लोगों को बता दिया है कि ये मकान खतरनाक घोषित हैं।**



जूनी इंदौर, एमजी रोड और जवाहर मार्ग पर ऐसे मकानों की संख्या अधिक है। सघन आवासीय क्षेत्र होने की वजह से यहां हादसों का अंदेशा भी अधिक रहता है। मकान मालिकों को वर्षों से नोटिस दिए जा रहे हैं लेकिन न मकान हटाने में तेजी दिखाई जा रही है और न कार्रवाई करने में। स्थिति यह है कि पिछले एक साल में एक दर्जन खतरनाक मकानों पर भी कार्रवाई नहीं हुई।

स्वच्छता को लेकर देशभर में नंबर वन हमारा इंदौर जर्जर भवनों के खिलाफ कार्रवाई में फिसड्डी है। जर्जर भवनों को हटाने के नाम पर हर साल मानसून के दौरान इक्का-दुक्का कार्रवाई कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। हालत कितने गंभीर हैं यह इसी से समझा जा सकता है कि खुद निगम का रिकार्ड बता रहा है कि शहर में 92 जर्जर भवन हैं। इनमें से ज्यादातर पुराने शहर और मुख्य मार्गों पर हैं। इनके वर्षाकाल में किसी भी दिन भरभराकर गिरने की आशंका है। ऐसा हुआ तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो जाएगा। नगर निगम कभी संसाधन की कमी बताकर तो कभी मामला कोर्ट में लंबित होने के नाम पर कार्रवाई टाल देता है। चौकाने वाली बात तो यह है कि किसी भवन को जर्जर घोषित करने की कोई प्रक्रिया ही निर्धारित नहीं है। हर साल वर्षाकाल से पहले नगर निगम जर्जर भवनों के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा करता है, लेकिन होता कुछ नहीं। ज्यादातर मामलों में कार्रवाई नोटिस से आगे नहीं बढ़ पाती। नोटिस जारी करने के बाद कितने जर्जर मकान हटाए गए, इसका रिकार्ड तक निगम के पास नहीं होता। पिछले एक साल में बमुश्किल एक दर्जन जगह जर्जर मकान हटाने की कार्रवाई हुई। जर्जर भवनों की सूची में शामिल ज्यादातर भवन सघन और पुराने क्षेत्रों में है। ऐसी स्थिति में इन भवनों के भरभराकर गिरने से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# अवैध मदिरा एवं वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में संचालित नशा मुक्त अभियान 2.0 के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती प्रियंका रानी चौरसिया एवं उनकी टीम ने गत दिवस गश्त के दौरान पवनपुत्र नगर क्षेत्र में संदेह के आधार पर दोपहिया वाहन (एक्टिवा) क्रमांक एमपी-09-जेडएल-3387 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में रखे सफेद रंग के थैले से 150 पाव मसाला मदिरा (कुल 27 बल्क लीटर) बरामद की गई, जिसका अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। आबकारी दल ने अवैध मदिरा एवं वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 95 हजार रुपये है। आबकारी विभाग ने बताया कि नशा मुक्त अभियान 2.0 के अंतर्गत अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध जिले में सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# बाइक-सवार पर डंडे से हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाइक सवार पर डंडे से हमला कर उसे घायल करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी पड़ी, जिसके बाद उनका सुराग मिला।

एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी. सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को फरियादी निखिल (22) पुत्र विनोद पाटिल, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, ड्यूटी खत्म कर बाइक से सत्यसाई चौराहे से अपने घर जा रहा था। अलसुबह करीब 4 बजे जब वह बर्फानी धाम स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचा, तो सड़क पर पड़ी एक ईंट को बाइक पर बैठे-बैठे पैर से हटाने लगा। तभी सामने से बाइक पर आए तीन बदमाशों में से एक ने उसके मुंह पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आरोपियों के हुलिए और पहने हुए कपड़ों के रंग के आधार पर उनकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने गौतम पुत्र गोपाल बिल्लौरे और अरुण पुत्र मुकेश बनिया, दोनों निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे आरोपी शुभम पुत्र राकेश रोकड़े, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, की तलाश जारी है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल डंडा और बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस दोनों आरोपियों को घटना स्थल पर लेकर पहुंची, जहां उनसे वारदात का घटनाक्रम समझा गया। पुलिस ने पूछा कि वे किस दिशा से आए और हमला करने के बाद किस रास्ते से फरार हुए। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गिरफ्तारी के दौरान हुई धक्का-मुक्की में आरोपी घायल हो गए थे, जिसके कारण उन्हें चलने में भी परेशानी हो रही थी। वे पुलिसकर्मियों के सहारे चलते नजर आए।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

● 10 करोड़ में विकसित जगदीशपुर किले का लोकार्पण, सीएम बोले-

# गौरवशाली विरासत का प्रतीक है जगदीशपुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को जगदीशपुर में आयोजित कैबिनेट की बैठक से पहले कहा कि यह बैठक केवल प्रशासनिक निर्णयों तक सीमित नहीं है, बल्कि समानता, न्याय और मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने का प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि जगदीशपुर गोंड राजवंश, सिंधिया और राजपूत शासनकाल की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। इसी ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए यहां कैबिनेट बैठक आयोजित की गई है। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ हुई।**



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से विकसित जगदीशपुर किले का लोकार्पण किया। साथ ही किले के इतिहास और उसके संरक्षण पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। बैठक में मंत्रियों का स्वागत गोंड पेंटिंग और पौधे भेंट कर किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कैबिनेट बैठकों को प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले स्थलों से जोड़ने की परंपरा शुरू की है। अब तक जबलपुर, सिंग्रामपुर, महेश्वर, इंदौर के राजवाड़ा, पचमढ़ी, खजुराहो और नागलवाड़ी में विशेष कैबिनेट बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इन स्थानों का चयन रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, राजा भभूत सिंह और क्रांतिसूर्य टंट्या मामा जैसे महान व्यक्तित्वों की स्मृति को सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया।

### 23 जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्षा की स्थिति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक आठ जिलों में सामान्य से अधिक, 23 जिलों में सामान्य और 23 जिलों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। अब तक इंदौर, बुरहानपुर, नीमच, देवास, आगर-मालवा, भिंड, सीहोर और हरदा में सामान्य से अधिक वर्षा हुई। अब तक प्रदेश के 23 जिलों में सामान्य से कम और 23 जिलों में सामान्य वर्षा हुई है। अलीराजपुर अति अल्प वर्षा से प्रभावित हैं। उन्होंने अधिकारियों को मानसून की स्थिति पर लगातार नजर रखने और जरूरत पड़ने पर किसानों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जगदीशपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद जारी की राशि

## राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ है...




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के 10 लाख 54 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से 1460 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि अंतरित की। यह प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 के फसल बीमा की दावा राशि है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जगदीशपुर में मंत्री परिषद की बैठक के तुरंत बाद किसानों को यह राशि जारी की।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किसानों के हितों की रक्षा के लिए विशेष रूप से संवेदनशील हैं। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल हानि होने पर कृषकों को सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार अल-नीनो प्रभाव के कारण अच्छे मानसून का अनुमान नहीं है। ऐसी स्थिति में किसान अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा, निर्धारित तिथि से पहले करवा लें। इससे उपज में हानि होने की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक 30 हजार 942 करोड़ 34 लाख रुपए का भुगतान प्रभावित किसानों को किया गया है।

## कलियुगी दादी ने 20 दिन की पोती को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी।** बेटियों को लेकर समाज में बैठी बीमार और भेदभावपूर्ण सोच का एक खौफनाक मामला बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले से सामने आया है, जिसने सुनने वालों का कलेजा कंपा दिया है। यहां पलेरा थाना क्षेत्र के बन्नेबुजुर्ग गांव में एक कलयुगी दादी ने बेटा न होने की सनक में अपनी ही महज 20 दिन की मासूम पोती की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दादी रेखा आदिवासी (45) को गिरफ्तार कर लिया है।



यह पूरी दिल दहला देने वाली वारदात तड़के करीब 3 बजे की है। मासूम बच्ची मनीषा अपनी मां पुक्खन आदिवासी के पास सो रही थी। तभी चुपके से दादी रेखा वहां पहुंची और बच्ची को उठाकर ले गई। कुछ देर बाद वह बच्ची को वापस मां के पास लिटाकर चली गई। जब काफी देर तक नवजात के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तो मां ने घबराकर उसे हिलाया, लेकिन मासूम दम तोड़ चुकी थी। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। वारदात के बाद आरोपी दादी और परिवार के कुछ लोगों ने मामले को दबाने और पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की। पुलिस को कहानी सुनाई गई कि बच्ची की तबीयत खराब थी और वे उसे किसी ओझा-तांत्रिक के पास झाड़-फूंक कराने ले गए थे। लेकिन पलेरा पुलिस को नवजात के गले पर मिले निशानों और मां के बयानों पर शक हुआ। जब पुलिसिया अंदाज में कड़ी पूछताछ की गई, तो आरोपी दादी टूट गई और अपना जुर्म कबूल कर लिया। बच्ची की मां पुक्खन ने रोते हुए बताया कि उसका पति धनीराम दिल्ली में मजदूरी करता है। घर में सास रेखा बेटी के जन्म के बाद से ही लगातार ताने मार रही थी और प्रताड़ित कर रही थी। सास का कहना था कि लड़की पैदा होने से परिवार को समाज के सामने झुकना पड़ेगा और आगे चलकर उसकी शादी में भारी-भरकम खर्च करना पड़ेगा। इसी आर्थिक बोझ और दकियानूसी सोच के चलते उसने बच्ची को रास्ते से हटा दिया।

## जहरीले कोबरा नागों को मिला वीआईपी ट्रीटमेंट

### कलेक्टर ने सरकारी गाड़ी भेजकर जंगल में छुड़वाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** बारिश के मौसम में रिहायशी इलाकों में सांप निकलने की बढ़ती घटनाओं के बीच सागर से वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा की एक बेहद सराहनीय तस्वीर सामने आई है। शहर के अलग-अलग घरों और कॉलोनियों से रेस्क्यू किए गए दर्जनों जहरीले कोबरा सांपों को सुरक्षित उनके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ा गया है। इस पूरे रेस्क्यू अभियान में सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल और स्नेक कैचर बबलू पवार की जुगलबंदी की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। मानसून की शुरुआत के साथ




ही सागर शहर और आसपास के इलाकों में लगातार जहरीले सांप निकलने की खबरें आ रही थीं। सूचना मिलते ही जाने-माने स्नेक रेस्क्यूअर बबलू पवार तुरंत मौके पर पहुंचकर सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर रहे थे। उन्होंने लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ इन बेजुबान जीवों की रक्षा करते हुए कई खतरनाक कोबराज को सुरक्षित अपने पास एकत्र कर लिया था। चुनौती तब खड़ी हुई जब इन भारी तादाद में जमा हुए जहरीले कोबरा सांपों को दूर घने जंगल तक सुरक्षित ले जाना था। इस समस्या की जानकारी जब सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल तक पहुंची, तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत एक सरकारी वाहन की व्यवस्था कराई। इसी वाहन की मदद से सभी रेस्क्यू किए गए सांपों को आबादी से दूर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

## बिजनेसमैन महेंद्र गोयनका गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनियों में करीब 1000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में रायपुर के बिजनेसमैन महेंद्र गोयनका को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस ने उन्हें दिल्ली से पकड़ा और अदालत में पेश करने के बाद 10 दिन की रिमांड पर लिया है। यह मामला कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनियों से जुड़ा है। आरोप है कि रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका ने फर्जी दस्तावेजों और हस्ताक्षरों के जरिए पाठक परिवार की कई कंपनियों पर कब्जा हासिल करने की कोशिश की। करीब 1000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की।

## परिवार को कुचला, पति-पत्नी और बेटे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** गुना में नेशनल हाईवे-46 पर तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार पति, पत्नी और उनके बेटे सड़क पर गिर गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा भदौरा में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, हादसे में पिपरौदा निवासी मनोज कुशवाह (34), उनकी पत्नी मालती कुशवाह (30) और 7 वर्षीय बेटे कार्तिक की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक, हादसा शाम करीब 4:45 बजे नेशनल हाईवे-46 पर भदौरा पुल के पास हुआ। अर्टिगा कार ग्वालियर की ओर से गुना जा रही थी। मनोज, उनकी पत्नी मालती और बेटा कार्तिक भी बाइक से उसी दिशा में जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## दो एसपी सहित तीन आईपीएस के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश सरकार ने रविवार को भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के तीन अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश के तहत टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह मंडलोई को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (AIG) बनाया गया है।**

उनकी जगह श्योपुर के एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को टीकमगढ़ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि रीवा की 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (SAF) में सेनानी पद पर पदस्थ मोती उर रहमान को श्योपुर का एसपी बनाया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2012 बैच के आईपीएस मनोहर सिंह मंडलोई को टीकमगढ़ एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। मंडलोई अक्टूबर 2024 से टीकमगढ़ के एसपी के रूप में पदस्थ थे। वर्ष 2016 बैच के आईपीएस सुधीर कुमार अग्रवाल, जो अक्टूबर 2025 से श्योपुर के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत थे, अब टीकमगढ़ के नए एसपी होंगे। वहीं वर्ष 2018 बैच के आईपीएस मोती उर रहमान को रीवा स्थित 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (SAF) के सेनानी पद से श्योपुर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वे मई 2026 से 9वीं वाहिनी, रीवा में पदस्थ थे।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, सोमवार
20 जुलाई, 2026


## संपादकीय

### निजी अंतरिक्ष उड़ान: नई उम्मीद, नई चुनौतियां

भारत की पहली प्राइवेट स्पेस लॉन्चिंग कामयाब रही। 19 जुलाई को स्काईरूट ऐरोस्पेस कंपनी ने अपने विक्रम-1 रॉकेट से कुछ प्रदर्शनात्मक सामग्री पृथ्वी की एक निकट कक्षा में निर्धारित जगह पर पहुंचा दी। तकनीकी रूप से इसमें कोई बहुत नई बात नहीं है, लेकिन विक्रम-1 रॉकेट कंपोजिट कार्बन जैसी अपेक्षाकृत हल्की सामग्री से बना हुआ है और इसका लिक्विड फ्यूल इंजन 3-डी प्रिंटिंग से तैयार किया गया है। यह 4-स्टेज रॉकेट है, जिसकी तीन स्टेजेज सॉलिड फ्यूल से और चौथी, यानी आखिरी स्टेज लिक्विड फ्यूल से चलने वाली है। किराये के मामले में यह थोड़ा महंगा पड़ेगा, लेकिन कोई टीवी कंपनी फटाफट अपना सैटेलाइट चाहती है तो उसे इंतजार नहीं करना होगा। विक्रम-1 छोटे सैटेलाइट सटीक ढंग से पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाने वाला रॉकेट है। इसरो अब धीरे-धीरे बहुत छोटे सैटेलाइटों की लॉन्चिंग से दूरी बना रहा है। 500 किलो से कम की लॉन्चिंग वह करता ही नहीं, लेकिन स्काईरूट की रॉकेट सेवा अभी डिजाइन ही 350 किलो की लॉन्चिंग के लिए की गई है। विक्रम रॉकेट के अगले मॉडल 800 किलोग्राम तक की लॉन्चिंग कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर वे इसरो का ही इस्तेमाल करेंगे। जाहिर है, इससे शिड्यूलिंग की समस्या कम नहीं होगी। बात तो तब है जब स्काईरूट ऐरोस्पेस अपना लॉन्चिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करे। इसरो से महंगी सेवा । इस क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को लाने का घोषित लक्ष्य यह है कि इसके बल पर सैटेलाइट भेजने का खर्चा इसरो की तुलना में पांचवें हिस्से तक लाया जाए। अभी इस पर 20-25 करोड़ का खर्चा आने की बात कही जा रही है, जबकि इसरो की सबसे सस्ती लॉन्चिंग 30-35 करोड़ में हो जाती है। इसका मतलब यह नहीं कि स्काईरूट ग्राहकों से कम कीमत वसूलेगा। इसरो की तुलना में उसने यह कीमत 20 प्रतिशत ज्यादा ही रखी है। इसकी वजह वही बताई गई है कि इसरो में बुकिंग का समय 15 दिन हुआ तो स्काईरूट एक हफ्ते या शायद पांच दिन में आपका काम पूरा कर दे। दूसरे, इसरो में आपकी बुकिंग कुछ और चीजों के साथ होगी जबकि स्काईरूट अकेला सैटेलाइट लेकर निकल जाएगा और उसकी प्लेसिंग भी ज्यादा सुरक्षित और सटीक हो सकेगी। इनोवेशन में मिले फायदा । पूरी दुनिया में सिर्फ तीन देश अभी तक स्पेस लॉन्च सेक्टर में प्राइवेट उद्यमों के प्रवेश की व्यवस्था कर सके हैं। अमेरिका, चीन और अब भारत। इसका सबसे ज्यादा फायदा इनोवेशन में मिलना चाहिए। यूक्रेन अगर आज भी रूस के मुकाबले युद्ध में खड़ा है तो इसकी बड़ी वजह स्पेसएक्स का स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सिस्टम है। भारत की रॉकेट और सैटेलाइट टेक्नॉलजी इसका गौरव है और किसी भी महाशक्ति का मुंह न देखकर हमारे वैज्ञानिकों ने जड़ से इसका ढांचा खड़ा किया है।

सैर सपाटा

# 'आइस सिटी' के नाम से मशहूर है ये शहर




**दुनियाभर में टूरिस्ट कहीं पहाड़, कहीं समुंदर तो कहीं इंसान के बनाई सुंदर इमारतों को देखने के लिए जाते हैं। लेकिन एक जगह ऐसी हैं जहां पर लोग बर्फ से बनाई कलाकारी को देखने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर बर्फ को काटकर पूरे शहर में तरह-तरह की डिजाइन बनाई जाती है। जो मात्र 2 महीने ही रहती है और उसके बाद गायब हो जाती है। क्या आप जानते हैं आइस सिटी के नाम से मशहूर इस जगह के बारे में....**

### दुनिया का अजूबा है ये शहर

दुनिया में अजूबों की कमी नहीं है। कई अजूबे प्रकृति की देन हैं और इंसान ने उन अजूबों की चुनौतियों को स्वीकार किया है। ऐसा ही एक अजूबा है बर्फ का शहर। जहां पर सर्दियों में तापमान -42 डिग्री तक गिर जाता है। लेकिन ये खास बात नहीं है बल्कि ये इसलिए खास है क्योंकि जब दो महीने यहां का तापमान सबसे कम होता है तब इस शहर में आइस फेस्टिवल मनाया जाता है। जिसमे कलाकार बर्फ को काटकर तरह-तरह की कलाकृतियां तैयार करते हैं। इनमें से सबसे ज्यादा फेमस है हर्बिन आइस एंड स्नो वर्ल्ड जिसे बनाने में 1 लाख 80 हजार क्यूबिक मीटर बर्फ लगती है और ये लगभग 750,000 वर्ग मीटर की जगह में फैला होता है। इस शहर में कई तरह की कलाकारी देखने को मिलती है जो बिल्कुल टेंपरेरी होती है।

### बर्फ को काटकर बनाए गए किले

1. जमी हुई बर्फ के ब्लॉकों से बनी बड़ी सी स्लाइड और सुरंगें
2. दुनिया भर के प्रसिद्ध स्मारकों को बर्फ से बनाया जाता है।



3. रंगीन एलईडी लाइटें जो सूर्यास्त के बाद मूर्तियों का रूप बदल देती हैं

### टूरिस्ट के बीच फेमस ये जगह

किसी भी ठंडी जगह पर आप जाकर आ जाएं लेकिन इस शहर की खूबसूरती टूरिस्ट को अलग ही अट्रैक्ट करती है। यहां पर हर्बिन आईस एंड स्नो वर्ल्ड जैसी चीज को देखने का मौका मिलता है जो दुनिया में कहीं और नहीं। किसी इंस्टाग्राम की पिक्चर जैसा खूबसूरत ये शहर खून जमा देने वाली ठंड में और भी ज्यादा शानदार दिखने लगता है। यहां पर स्नो एक्टीविटी, रशियम इंस्पायर्ड आर्किटेक्चर देखने को मिलता है।

### घूमने के लिए बेस्ट टाइम

हर्बिन इंटरनेशनल आइस एंड स्नो फेस्टिवल दिसंबर के आखिरी से स्टार्ट हो जाता है जो पूरे फरवरी तक चलता है। फरवरी की ठंड तक ये बर्फ नहीं पिघलती। लेकिन यहां घूमने का बेस्ट मंथ जनवरी होता है जब ठंड बिल्कुल चरम पर होती है और सबकुछ जम जाता है।

### कहां पर है ये अजूबा शहर

आइस सिटी के नाम से मशहूर ये जगह चीन के उत्तर पूर्वी प्रांत हेलॉन्जियांग (Heilongjiang) में मौजूद है। इस शहर का नाम है हर्बिन, हर्बिन की खास बात ये है कि ये उस एरिया का सबसे अनोखा और बड़ा शहर है। यहां लगभग 1 करोड़ की आबादी है। चीन में हुई 2010 की जनगणना के मुताबिक ये चीन का आठवां सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर है। यहां रहने वाले लोकल लोगों को यहां की ठंड से कोई समस्या नहीं है, वो इस जगह को छोड़कर नहीं जाना चाहते हैं।

New Delhi

# दिल्ली के 5 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए, सुरक्षा में 5 हजार जवान तैनात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के साथ ही कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने 'चलो संसद' मार्च का ऐलान किया है. संसद सत्र के बीच इस बड़े आंदोलन को देखते हुए दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं. जंतर-मंतर और उसके आसपास सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं.

सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए जंतर-मंतर, पार्लियामेंट स्ट्रीट, संट्रल विस्टा, कनॉट प्लेस और शंकर चौक जैसे प्रमुख स्थलों पर त्रि-स्तरीय (थ्री-टियर) सुरक्षा ग्रिड तैनात किया गया है.

इस घेरे में दिल्ली पुलिस के जवानों की दो परतें और पैरामिलिट्री फोर्स की एक परत शामिल है. किसी भी आपात स्थिति पर काबू पाने के लिए रैपिड रिस्पांस टीमों को चौबीसों घंटे तैयार रहने को कहा गया है. विजय चौक, प्रधानमंत्री आवास, गृहमंत्री आवास, सेवा तीर्थ,



सेल्फी पॉइंट, ट्रांसपोर्ट भवन-संसद मार्ग, राष्ट्रपति भवन और इंडिया गेट जैसे हाई-सिक्योरिटी वाले वीवीआईपी इलाकों में किसी भी तरह की भीड़ को रोकने के खास इंतजाम किए गए हैं.

नई दिल्ली के DCP सचिन शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पब्लिक एडवाइजरी जारी किया है. उन्होंने लिखा, 'दिल्ली पुलिस साफ तौर पर ये स्पष्ट करती है कि इस तरह के किसी भी विरोध मार्च या जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी गई है और न ही कोई अनुमति दी गई है.'

डीसीपी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई दिल्ली क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 लागू कर दी गई है. इस नियम के तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एक जगह जमा होने, प्रदर्शन करने, जुलूस निकालने या धरना देने पर पूरी तरह रोक रहेगी.

हालांकि जंतर-मंतर पर पूर्व अनुमति के साथ शांति से प्रदर्शन की अनुमति होगी. डीसीपी ने ये भी बताया कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

Uttarpradesh

## गाजियाबाद की हिंडन नदी में बाढ़ का खतरा, 500 लोग बेघर!



**गाजियाबाद, (एजेंसी)** हिंडन नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण और जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग की ओर से मामले को गंभीरता से नहीं लेने का परिणाम यह हुआ कि शनिवार रात करीब 500 से अधिक मकान बाढ़ की चपेट में आ गए। कई परिवार रात के समय ही अपने मकानों में ताला लगाकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए।

वहीं, कुछ परिवार रविवार सुबह अपना समान समेटते नजर आए। आखिरकार जब बाढ़ में कई मकान घिर गए तब जाकर जिला प्रशासन ने करहेड़ा की अलग-अलग कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए दोपहर बाद अलर्ट जारी करवाया और उन्हें सूचना दी कि हिंटन का जलस्तर बढ़ रहा है कभी भी पानी आ सकता है। ऐसे में लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

प्रशासन और सिंचाई विभाग का दावा था कि जीडीए ने लोहापुल के पास इतनी सफाई करवा दी गई है कि जलस्तर कुछ घंटों में नीचे आने लगेगा। आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए करहेड़ा कंपोनिट विद्यालय में चाढ़ राहत शिविर भी लगा दिया गया है, लेकिन कोई भी अभी तक राहत शिविर में नहीं पहुंचा है। वहीं, हिंडन का जलस्तर बढ़ने और सुरक्षा कारणों से सिटी फरिस्ट को लगातार दूसरे दिन भी आम लोगों के लिए बंद रख गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी किनारे जाने से बचें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

New Delhi

## असम से जम्मू-कश्मीर तक हाहाकार, देश भर में 43 से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के बड़े हिस्से में मानसून आफत बनकर बरसा है, जहां बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 43 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है, जबकि असम में 57 हजार से अधिक लोग सेना और वायुसेना की मदद के भरोसे सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। देश के उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सों में मानसून के रौद्र रूप ने भारी तबाही मचाई है। मूसलाधार बारिश, अचानक आई बाढ़ और भीषण भूस्खलन के कारण अलग-अलग राज्यों में कम से कम 43 लोगों की मौत हो चुकी है। असम से लेकर जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड तक हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक मानसून की यह आक्रामक स्थिति बरकरार रहने वाली है। उत्तर और पूर्वी भारत में कुदरत का सबसे खतरनाक रूप देखने को मिला है। अकेले इन क्षेत्रों में हादसों के कारण 22 लोगों की मौत दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में शनिवार रात बादल फटने से आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। मलबे और उफनते नालों के कारण कई रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे सड़कें पूरी तरह ठप हैं।

Uttarpradesh

## किसी भी हाल में भंग नहीं हो सकता राम मंदिर ट्रस्ट सिर्फ व्यवस्था में संशोधन संभव, बढ़ी सुरक्षा भी

**लखनऊ, (एजेंसी)** निर्मोही अखाड़ा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका देकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग उठाई गई है। इससे पहले हिंदू महासभा ने भी राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की मांग उठाई है। इसके बाद ट्रस्ट की स्थापना संबंधी मूल ट्रस्ट डीड और नौ नवंबर 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। उपलब्ध ट्रस्ट डीड के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ट्रस्ट को भंग करने का कोई प्रावधान नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने नौ नवंबर 2019 को अपने फैसले के पैरा 805(2)(i) में केंद्र सरकार को तीन माह के भीतर अयोध्या अधिनियम, 1993 की धारा छह और सात के तहत एक योजना बनाकर ट्रस्ट की स्थापना करने का निर्देश दिया था। फैसले में कहा गया है कि योजना में ट्रस्ट के गठन, उसके प्रबंधन, ट्रस्टियों की शक्तियों, मंदिर निर्माण और उससे जुड़े सभी आवश्यक विषयों का प्रावधान किया जाएगा। इसी आदेश के अनुपालन में भारत सरकार ने पांच फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया और ट्रस्ट डीड निष्पादित की। ट्रस्ट डीड में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि स्थापित ट्रस्ट अपरिवर्तनीय होगा। इसका अर्थ है कि ट्रस्ट को निरस्त या समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट डीड के उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार, ट्रस्टियों में बदलाव या ट्रस्ट डीड की कुछ धाराओं में सीमित संशोधन संभव हैं, लेकिन ट्रस्ट को भंग करने का कोई स्पष्ट प्रावधान ट्रस्ट डीड में नहीं दिया गया है। बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज को ट्रस्ट डीड में संशोधन का अधिकार दिया गया है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया गया है कि ट्रस्ट की मूल संरचना, ट्रस्ट के उद्देश्य, केंद्र सरकार की ओर से बनाई गई योजना तथा नौ नवंबर 2019 के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के मूल ढांचे के विपरीत कोई संशोधन नहीं किया जा सकता।

खेल

# लॉर्ड्स में रोहित शर्मा का शतक गया बेकार मैच के साथ सीरीज भी हारा भारत

**लंदन।** रोहित शर्मा ने 138 रन की आक्रामक पारी खेल कर आलोचकों को करारा जवाब दिया लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद लॉर्ड्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने बेन डकेट के करियर के सर्वश्रेष्ठ 142 रन और जैकब बेथेल के 91 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 387 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने रोहित शर्मा के 138 रन, शुभमन गिल के 77 और विराट कोहली के 74 रन की बदौलत सात विकेट पर 360 रन बनाए। इंग्लैंड की जीत में पूर्व कप्तान जोस बटलर की आखिरी ओवरों में खेली गई 13 गेंदों में 41 रन की तूफानी पारी निर्णायक साबित हुई। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने अंतिम पांच ओवरों में 82 रन जुटाए। रोहित के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। चयनकर्ताओं और मुख्य कोच द्वारा भविष्य की योजनाओं में उनसे आगे बढ़ने की चर्चाओं के बीच 39 वर्षीय पूर्व कप्तान पर काफी दबाव था। वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर भारत को श्रृंखला जिताने और



अपनी विरासत को बचाने की चुनौती के साथ उतरे थे। रोहित ने अपना 34वां वनडे शतक पूरा करने के बाद न तो बल्ला उठाकर जश्न मनाया और न ही लॉर्ड्स के 'मेंबर्स' बालकनी से मिली तालियों का अभिवादन किया। उनकी 110 गेंदों पर खेली गई 138 रन की पारी में संघर्ष, और जज्बा साफ दिखाई दिया। इंग्लैंड में उनका यह आखिरी वनडे मुकाबला था और आने वाले समय में लोग इसे एक अनुभवी खिलाड़ी के साहसिक संघर्ष के रूप में याद करेंगे। रोहित ने कप्तान शुभमन गिल के साथ 147 रन और अपने पुराने साथी विराट कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थीं। उनकी पारी में 17 चौके और पांच छक्के शामिल रहे, जिनमें से तीन छक्के जोश टंग पर लगाए गए। उन्होंने सैम कुरन की गेंद पर भी शानदार पुल शॉट से छक्का लगाया। सैम कुरन ने 10 ओवर में 75 रन देकर चार विकेट लिए और इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी। अंतिम ओवरों में उनकी धीमी गति की गेंदों का भारत के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने सात गेंदों के अंदर इशान किशन, श्रेयस अय्यर और विराट कोहली के विकेट लेकर मुकाबले का रुख बदल दिया। इंग्लैंड के लिए बल्ले से योगदान देने के बाद बेथल ने बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अहम योगदान दिया। उन्होंने सात ओवर में 49 रन देकर उन्होंने एक विकेट लिया। भारत की ओर से अक्षर पटेल अकेले विशेषज्ञ स्पिनर के रूप में खेले जिससे कुलदीप यादव को एकादश से बाहर रखने की योजना पर सवाल उठे। श्रृंखला गंवाने के बावजूद यह तय माना जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम की योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे। भारत को मैच से पहले ही बड़ा झटका लगा, जब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बाएं घुटने में लगी चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति भारतीय टीम को भारी पड़ी और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया।

सिनेमा

## शबाना आजमी पहुंचीं जंतर मंतर, अभिजीत दिपके से मुलाकात, नेहा का चूमा हाथ



दिल्ली के जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन जारी है। सीजेपी कल यानी 20 जुलाई को संसद तक मार्च की तैयारी भी कर रही है। हालांकि, ये मार्च हो पाएगा या नहीं वो तो कल ही पता चलेगा। दिल्ली पुलिस का दावा है कि उन्होंने मार्च की परमीशन नहीं दी है। मार्च की तैयारी के बीच आज यानी 19 जुलाई को शबाना आजमी जंतर मंतर पहुंचीं। उन्होंने वहां पर अभिजीत दिपके से मुलाकात की। साथ ही, अनशन पर बैठीं नेहा से भी उन्होंने बात की। शबाना आजमी के जंतर मंतर आने के वीडियो सोशल मीडिया पर घूम रहे हैं। एक वीडियो में शबाना आजमी स्टेज पर चढ़ती नजर आ रही हैं। स्टेज पर आकर शबाना आजमी अभिजीत दिपके से मिलती हैं। अभिजीत जो भूख हड़ताल पर हैं, वो एक्ट्रेस को देखकर उठने लगते हैं, तो शबाना आजमी उन्हें लेटे रहने का इशारा करती हैं। इसके बाद शबाना आजमी अभिजीत का हाथ पकड़ती हैं और उनसे कुछ बातचीत करती हैं। एक दूसरे वीडियो में शबाना आजमी AISA की नेहा बोरा से मुलाकात करती दिखाई पड़ती हैं। नेहा भी सोनम वांगचुक के साथ ही भूख हड़ताल पर बैठी थीं। उन्हें 20 दिन से ज्यादा हो गए हैं भूख हड़ताल करते हुए। शबाना आजमी नेहा के पास आती हैं। नेहा लेटी हुई होती हैं। शबाना नेहा का हाथ पकड़ती हैं, वो उनके हाथ पर किस करती हैं फिर अपनी दोनों आंखों को नेहा के हाथ पर लगाती हैं।

## Highlights

1. If they're taken back, I'll leave the party: TMC MP Kalyan Banerjee on rebels
2. Imran Khan's sister says Pakistan army is hiding its defeat, links crisis to India's Op Sindoor
3. Karnataka to completely ban junk food in & around schools, hospitals
4. NTA responds as NEET candidates claim getting wrong results, says 'Many OMR sheets made with AI'
5. Sonam Wangchuk's wife moves Delhi HC seeking his transfer from hospital
6. Nirmohi Akhara moves SC, seeks Ram temple trust's reconstitution as public body
7. He laughed when Lord Ram was insulted: Woman who threw ink at CJP founder Dipke

# Apple surpasses Nvidia to become world's most valuable company



**NEW DELHI, (Agency).** Apple has overtaken Nvidia to become the world's most valuable listed company, marking a significant shift in how investors are viewing the technology sector and the future of artificial intelligence. The change comes after Nvidia's shares fell 3.5% on Friday, allowing Apple to move ahead in market value.

Apple's valuation stood at $4.88 trillion, while Nvidia was valued at about $4.86 trillion, news agency Reuters reported.

Also read | Apple to spend over $30bn with Broadcom to produce 15 billion US-made chips: Here's what Tim Cook said

The development signals that investors are no longer focusing only on companies building the infrastructure behind AI. Increasingly, attention is also turning to businesses seen as better placed to generate long-term revenue from AI-powered products and services.

### Apple returns to the top

The latest ranking puts Apple back at the top for the first time since April last year. Nvidia had dominated the list for nearly a year after becoming the first company to cross a $5 trillion market valuation in October, driven by surging demand for its AI chips.

While the latest change reshuffles the rankings, it does not necessarily indicate a permanent shift. Nvidia continues to be one of the biggest beneficiaries of AI spending, with its graphics processors powering much of the generative AI boom.

### Why investor sentiment has changed

Analysts reportedly say Apple's rise reflects changing expectations around artificial intelligence rather than a sudden change in its business.

“Apple was seen as a laggard in the AI race because it wasn't spending to develop models, but now sentiment has changed,” Toni Meadows, head of investment at BRI Wealth Management was quoted as saying by news agency Reuters.

The shift suggests investors are placing greater value on companies that can turn AI into sustainable earnings rather than relying solely on heavy infrastructure spending.

### Apple's AI push gains attention

Apple had long faced criticism for moving more slowly than rivals in the AI race. However, the company has recently stepped up its efforts to strengthen its position.

Last month, it introduced a long-awaited overhaul of Siri, betting that the upgraded assistant would help narrow the gap with larger technology rivals and AI-focused startups.

### Nvidia remains a key AI player

Despite slipping to second place, Nvidia continues to hold a central role in the AI industry. Its chips remain the backbone of many generative AI systems, and analysts believe the company could return to the top if investor sentiment changes again.

# उर्मिला की हत्या के आरोपी अखिलेश का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, सिर गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहे आरोपी पति अखिलेश सैनी का शव गंजबासौदा में रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। शुरुआती जांच में जो सबसे हैरान करने वाली बात सामने आई है, वह यह है कि बरामद शव का सिर धड़ से पूरी तरह गायब है। मृतक की पैंट की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान अखिलेश सैनी के रूप में की गई है।**



पुलिस विभाग का कहना है कि परिजनों द्वारा शव की प्रत्यक्ष पहचान किए जाने के बाद ही इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही इंदौर पुलिस की एक विशेष टीम के साथ अखिलेश के परिजन गंजबासौदा के लिए रवाना हो चुके हैं। टीआई संजय वेदिया ने बताया कि गंजबासौदा और पवई स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 925 के पास एक अज्ञात शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो वहां का नजारा भयावह था। पटरी पर केवल एक पुरुष का धड़ पड़ा हुआ था, जबकि उसका सिर वहां मौजूद नहीं था। पुलिस ने जब मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, तो उसकी जेब से अखिलेश सैनी से संबंधित दस्तावेज और एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। थाना प्रभारी वेदिया ने आगे बताया कि शव का सिर गायब होने के कारण पुलिस ने तुरंत आस-पास के इलाके में खोजबीन शुरू की। पुलिस की टीमों ने रेलवे ट्रैक के आसपास के करीब 6 किलोमीटर तक के दायरे में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस लंबी और बारीक जांच के बावजूद पुलिस को अब तक मृतक का सिर बरामद करने में सफलता नहीं मिल सकी है। इस पूरे मामले की शुरुआत बीती 11 जुलाई को हुई थी, जब सरकारी आवास में रहने वाली 38 वर्षीय पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस खौफनाक वारदात का खुलासा उस वक्त हुआ जब दोपहर के करीब एक बजे उर्मिला के दोनों बच्चे स्कूल से पढ़ाई पूरी कर अपने घर लौटे थे। बच्चों ने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और भीतर टेलीविजन बहुत तेज आवाज में चल रहा था। उर्मिला सैनी की हत्या के दिन से ही उसका पति अखिलेश लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। मामले की जांच के दौरान उनकी बेटी प्रेक्षा ने पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। बेटी ने बताया था कि उसके पिता लंबे समय से उसकी मां पर बिना किसी वजह के शक करते रहते थे। इससे पहले भी आरोपी ने उसकी मां का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया था। एक बार जब बेटी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने मंदिर का भारी सिंहासन उठाकर अपनी ही बेटी पर दे मारा था। इस वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थीं और उस पर घोषित इनाम की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया था। फिलहाल पुलिस इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि अखिलेश पिछले आठ दिनों से कहां और किसकी मदद से छिपा हुआ था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

# ई-रिक्शा में ले जा रहे थे 70 हजार की शराब

## ● पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने ई-रिक्शा से शराब ले जाने वाले दो को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 70 हजार रुपए कीमत की शराब भी जब्त की गई है। इसके साथ ही पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत का ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है।**

कनाडिया पुलिस के मुताबिक पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो लोग ई-रिक्शा में अंग्रेजी शराब भरकर फिनिक्स मॉल की तरफ जा रहे है, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी की और ई-रिक्शा को रोका। रिक्शा की तलाशी ली तो उसने पीछे की तरफ कार्टुन रखे हुए थे, जिसमें अंग्रेजी शराब व बीयर भरी हुई थी। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम जगदीश (60) पिता सूरजमल वर्मा निवासी शिव मंदिर के पास ग्राम कनाडिया और हरदेवसिंह (29) पिता सुखसिंह परमार निवासी कस्वा दवोह जिला भिंड हाल पता स्कीम नंबर 134 वसुंधरा अपार्टमेंट के पीछे बताया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 8 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर कुल 72.93 लीटर 70 हजार रुपए की जब्त की। पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत की ई-रिक्शा भी जब्त की है। इधर, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है कि वे शराब कहां से लेकर आए थे और कहां लेकर जा रहे थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक